# आन्तरिक स्मार्ट इण्डिया हैकथॉन-2024 का समापन

**उदयपुर,** (कासं) गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नीकल स्टडीज (गिट्स) डबोक उदयपुर में केन्द्रीय मानव विकास मंत्रालय एवं आई.सी.टी.ई. के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे आन्तरिक स्मार्ट इण्डिया हैकथॉन-2024 का समापन हो गया।

संस्थान के निदेषक डॉ. एन. एस. राठौड ने बताया कि स्मार्ट इण्डिया हैकथॉन में देश भर के तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी अपनी अपनी रिसर्च के जरिये विभिन्न औद्योगिक संस्थानों के विकास में योगदान करते है तथा सामाजिक समस्याओं के निराकरण के लिए तकनीकी समाधान प्रदान करते हैं। यह एक देषव्यापी प्रतियोगिता है जिसका उद्देष्य नये इनोवेशन करना तथा तकनीकी समस्याओं के निदान के लिए टेक्नोलॉजी विकसित करना हैं। 24 घण्टे चलने वाले इस आन्तरिक हैकथॉन में गिट्स के विद्यार्थियों ने सॉफ्टवेयर आधारित प्रोबलम स्टेटमेंट पर 22 टीमों ने भाग लिया जिसमें 09 हार्डवेयर की टीम तथा 13 सॉफ्टवेयर की टीम थी। इस हैकथॉन में प्रतिभागी मिनिस्ट्री ऑफ पॉवर, मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एण्ड अरबन अफेयर, मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एण्ड जस्टिस, मिनिस्ट्री ऑफ एन्वायरमेंट के साथ-साथ विभिन्न राज्य सरकारों जैसे गर्वेमेंट ऑफ केरला, झारखण्ड, हिमाचल प्रदेष, गुजरात तथा जम्मु एण्ड कष्मीर जैसे राज्यों के बुनियादी समस्याओं का भी तकनीकी समाधान प्रस्तुत किया। एस.आई.एस. 2024 स्पोक डॉ. मयंक पटेल के अनुसार भारत सरकार द्वारा प्रतियोगिता यह हैकथॉन दो चरणों में प्रतिपादित होता हैं। जिसमें पहला चरण गिट्स के केम्पस में 06 सम्मानित जज निमोलेब के फाउण्डर डायरेक्टरमोहित माहेश्वरी एवं हेड ऑपरेषन नितिन पुरोहित, एन्गीरस इण्डिया प्रा. लिमिटेड के लोकेशपुरी गोस्वामी के गहन मूल्यांकन के उपरान्त सम्पन्न हुआ। जिसमें 3 टीम हार्डवेयर एवं 3 टीम सॉफ्टवेयर की मिलाकर कुल 6 टीमें विजयी रही।

# यूडीए ने 25 हेक्टेयर अवैध रूप से बने पक्के निर्माण को ध्वस्त किया

- मुक्त करवाई जमीन की बाजार कीमत करीब 100 करोड़ रूपए
- राजस्व ग्राम नोहरा में हुई कारवाई

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने शनिवार को नाई थाना अंतर्गत सीसारमा-.नांदेश्वर रोड पर बलीचा झाड़ोल हाईवे किनारे राजस्व ग्राम नोहरा में करीब 25 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने कई पक्के निर्माण ध्वस्त कर दिए। कब्जा मुक्त करवाई जमीन की बाजार कीमत करीब 100 करोड़ रूपए आंकी जा रही है। मौके से करीब 40 पक्के निर्माण ध्वस्त किए इनमें पक्के मकान, निर्माणाधीन मकान और बाउंड्रीवाल शामिल थी।

उदयपुर डिवलपमेंट अथॉरिटी (यूडीए) के कमिशनर राहुल जैन के निर्देश पर शनिवार अलसुबह इस अवैध अतिक्रमण की इस कार्रवाई को हटाने का अंजाम दिया गया।इस दौरान यूडीए तहसीलदार अभिनव शर्मा, भू अभिलेख निरीक्षक राजेंद्र जैन, बाबूलाल तेली, बाबूलाल तंवर, पटवारी भगवती लाल,दीपक,ललित, सुरपाल सिंह सोलंकी सहित पुलिस व होमगार्ड का जाब्ता मौजूद रहा।

यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि राजस्व ग्राम नोहरा में आराजी संख्या 8179 मीन, 8180,8181 ,8187, 8808,(6735,10413)8170, 8 193, 8194, 8195, 8196, 8197, 10546(8192) अन्य राजस्व रिकार्ड अनुसार नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के नाम दर्ज होकर प्राधिकरण के स्वामित्व की भूमि है। ग्रामवासी नोहरा द्वारा अवगत करवाया गया कि उक्त भूमि पर कुछ अज्ञात लोगो द्वारा कुछ दिनो से अवैध कब्जा कर नया निर्माण करवाया जा रहा है। भू.अभिलेख निरीक्षक, पटवारी प्राधिकरण से मौका जांच करने पर ज्ञात हुआ कि कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा किया जाकर चार दिवारी व अपूर्ण नया निर्माण करवाया जा रहा है, लेकिन यह अवैध निर्माण किन-किन व्यक्तियों द्वारा करवाया जा रहा है, यह जानकारी में नहीं आया है।

गौरतलब है कि उदयपुर में शायद ही कोई क्षेत्र होगा जहां सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं की नजर नहीं हो। भूमाफिया सरकारी जमीनों पर कब्जे कर वहां प्लानिंग काट कर आमजन को अंधेरे में रखकर भूखंड बेच देते है। भूमाफिया को पूरा पैसा देने के बाद जब खरीददार को हकीकत का पता चलता है, तब तक उसको लाखों का नुकसान हो चुका होता है। ऐसे में आमजन को उदयपुर में कहीं पर भी भूखंड खरीदने से पहले एक बार उदयपुर विकास प्राधिकरण या संबंधित तहसील, उपखंड कार्यालय जाकर उस जमीन के मालिकाना हक की सच्चाई का पता जरूर कर लेना चाहिए।

## सार-समाचार

### धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। भाई की जमीन बेचने का इकरार कर पीडित से लाखों की नकदी हडपने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बलु पुत्र किशनलाल खटीक निवासी थूर ने आरोपी उदयलाल डांगी पुत्र रामा डांगी निवासी सापेटिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि तीन वर्ष पूर्व आरोपी ने भूखण्ड बेचने की बात कही तथा उक्त भूखण्ड का सौदा होने पर5 लाख रूपये का भुगतान कर 20 अगस्त 2021 को आरोपी ने एठ्ठीमेंट किया। कुछ समय बाद उक्त भूखण्ड पर बाउण्ड्री बनाने के लिए पहुंचा तो आरोपी ने भाई ने मौके पर आकर स्वयं का भूखण्ड बताते हुए काम करने से एतराज किया। इस संबंध में आरोपी से संपर्क किया तो कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देकर टालम टोल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### माइन्स से सामान चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। ऋषभदेव थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ सामान चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित अशोक पुत्र रमणलाल जैन निवासी ऋषभदेव ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवया। जिसमें पीडित ने बताया कि मायाधाम राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर मेरी अशोक मार्बल नाम से फैक्ट्री है। 1 सितंबर को फेक्ट्री का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर इलेक्ट्रीक मोटर सेगमेंट पम्प के 14 बॉक्स अज्ञात चोर चुरा ले गया। इसका पता चलने पर पडताल की लेकिन सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### लाखों की ठगी का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)।पीडित के दस्तावेजों का उपयोग कर लाखों कीनकदी हडपने वाली मुंबई की कंपनी डायरेक्टर व कर्मचारियों के खिलाफ सुखेर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित अजितपालसिंह राणावत पुत्र अमरसिंह राणावत निवासी प्रोपराईटर अमर इण्डटर प्राईजेज वीवा शोरूम के पास भुवाणा रोड़ सुखेर बाईपास ने मुम्बई शक्तिनगर शांता क्रुज इस्ट स्थित पीपीजी एशिन पेंटर्स प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर जेया मुरगन व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपियों ने मेरी कंपनी के दस्तावेजों का उपयोग कर 19लाख 31 हजार 645 रूपये हडप लिये।

### अध्यापक की अकाल मौत

**उदयपुर,** (कासं)। स्कूल ड्यूटी पर जा रहे अध्यापक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सवेरे बाराफला लखमान परसाद निवासी हरिशंकर (36) पुत्र होमाजी मीणा अपने साथी अध्यापकों के साथ कार में बैठ कर घर से बोरी कुआ स्थित विद्यालय जा रहा था। जहां बीच रास्ते डाकन कोटड़ा रोड़ पर अचानक तयीयत खराब होने पर साथी अध्यापक उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर सविना थाना एएसआई चतरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### विद्युत वायर चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान से चोर विद्युत वायर चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित हरिदासजी की मगरी अम्बामाता निवासी राकेश कोठारी पुत्र चुन्नीलाल कोठारी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरे मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां पर गत दिनों लाईट फिटिंग के लिए विद्युत वायरिंग की जिसे अज्ञात चोर 5 सितंबर रात में चुरा ले गए। इसका पता चलने पर पड़ताल की लेकिन सुराग नहीं लगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# कुल की रस्म के साथ इमरत रसूल बाबा का उर्स सम्पन्न

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के ब्रह्मपोल बाहर स्थित दरगाह हजरत इमरत रसूल शाह बाबा के चल रहा तीन दिवसीय 134वें उर्स शनिचर सायं बाद नमाजे अस्र रंग.सलातो.सलाम, कुल की फातिहा व दुआ के साथ सम्पन्न हुआ।

दरगाह कमेटी के मीडिया प्रभारी मोहसिन हैदर ने बताया कि हजरत इमरत रसूल शाह बाबा के तीन दिवसीय उर्स के चलते कुरआन ख्वानी, महफिले मीलाद सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सदर हाजी सरवर खान,सेक्रेट्री शादाब खान,नायब सदर मुबारिक हुसैन, एडवोकेट क़मर हुसैन, इमरान खान,मुबीन खान, हाजी इक़बाल हुसैन, एडवोकेट तौकीर रज़ा, सहित कमेटी के सदस्यों व मौजूद जायरिनों ने चादरए फूल व इत्र पेश किए। उर्स में शिरकत करने वाले जायरिनों के लिए लंगर व तबर्रूक का वितरण किया गया। साथ ही मस्तान बाबा ट्रस्ट की ओर से चादर शरीफ पेश की गई।दरगाह सदर हाजी सरवर खान व सेक्रेट्री शादाब खान ने बताया कि उर्स के तीसरे दिन कार्यक्रमों का आगाज शनिचर प्रात: कुरआन ख्वानी के साथ हुआ जिसमें कलामे पाक की तिलावत की गई। दोपहर बाद नमाज जौहर महफिल समां कव्वाली का आयोजन किया गया जिसमें कव्वाल पाटिर्यों ने नातिया कलाम व सूफियाना कलाम पेश किए।उर्स के आखिर में कव्वाल पाटिर्यों ने मिलकर हजरत अमीर खुसरों का लिखा हुआ रंग . आज रंग है ऐ मां रंग है रीए मेरे इमरत रसूल के घर रंग है पढ़ा। कुल की रस्म के तहत कलामे पाक की तिलावत व फातिहा ख्वानी मस्जिद दरगाह इमरत रसूल बाबा के इमाम हाफिज मेहमूदुज्जमा ने पेश की। जायरिनों की सलामती के साथ.साथ मुल्क में अमनए शांति व भाईचारे के लिए दुआएं की।

## पायलट का जन्मदिन मनाया

**उदयपुर,** (कासं)। पूर्व उपमुख्यमंत्री, एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट व राजस्थान एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड के जन्मदिन पर नीरज मेघवा व जितेश खटीक के नेतृत्व में कला महाविद्यालय के केकट काट मूक बधिर बच्चों को अल्पाहार वितरित किया गया। एनएसयूआई के छात्र प्रतिनिधि नीरज मेघवाल ने बताया कि सचिन पायलट कांग्रेस पार्टी व कार्यकर्ता के दिल में बसते है और सभी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान गौरव, दिलीप, जितेंद्र, हेमराज़, रोहित, कैलाश, सूर्यपाल, सहित कई छात्र और युवा उपस्थित रहे। इधर, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का जन्म दिवस कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा शनिवार को गो सेवा करके मनाया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य गोगुंदा, कामिनी गुर्जर द्वारा प्रदेश महासचिव लालसिंह झाला के मुख्यातिथ्य मै अशोक नगर मोक्ष धाम स्थित गौशाला मैं गौ सेवा का कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी कांग्रेस जनो ने गोमाता की पूजा अर्चना कर दलिया, गुड़, हरी घास खिलाई। इस अवसर पर दिनेश श्रीमाली,गोपाल सिंह चौहान, कमल चौधरी, हर्षवर्धन सिंह केलावत, रोनक गर्ग, रेखा डांगी आदि मौजूद रहे।

# भवन मरमत के लिए 250 करोड़ रुपए का बजट जारी

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राव गोपाल सिंह आसोलिया प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी से राजस्थान के सरकारी विद्यालयों के भवन मरम्मत, रखरखाव एवं आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य हेतु जीरो बजट जारी की मांग रखी।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी आसोलिया ने बताया कि राजस्थान के लाखों गरीब एवं मध्यम परिवार के बच्चों का एकमात्र सहारा सरकारी विद्यालय में अध्ययन करने का है सरकार निशुल्क शिक्षा निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण भोजन छात्रवृति आदि की सुविधाएं तो दे रही है लेकिन भौतिक संसाधन के रूप में अधिकांश भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में पडे हुए हैं कई विद्यालय भवन हेरिटेज के रूप में जाने जाते हैं जिनका वर्षों पूर्व निर्माण कराया गया है जिनकी मरम्मत की भी आवश्यकता है ऐसी स्थिति में सरकार संपूर्ण राजस्थान के सरकारी विद्यालयों के लिए जीरो बजट जारी करें जिससे आवश्यकतानुसार संस्था प्रधान विद्यालय विकास एवं एवं प्रबंधन समिति निर्माण कार्य एवं मरम्मत कार्य कर सकें इसी को मध्य नजर रखते हुए आज प्रस्तुत किए गए राजस्थान के बजट में वित्त मंत्री दिया कुमारी ने सरकारी शिक्षण संस्थानों एवं विद्यालय भवन के रखरखाव तथा भवन रखरखाव एवं मरम्मत के लिए प्रथम चरण में 250 करोड रुपए का प्रावधान रखा है जो की प्रशंसा योग्य है राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत राजस्थान सरकार एवं वित्त मंत्री का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता है वहीं दूसरी और विद्यालय महाविद्यालय एवं अस्पतालों के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 3 करोड रुपए का प्रावधान रखा गया जो भी सरकार का स्वागत योग्य कदम है।


पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

विधि/वसूली विभाग, मंडल कार्यालय, उदयपुर, एलआईसी भवन तीसरा तल, सबसिटी सेन्टर, रेती स्टेण्ड के पास, उदयपुर
फोन नंबर: 0294-2688008/09/22/26, ई-मेल: cs8328@pnb.co.in

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि
अधोहस्ताक्षरकर्ता **श्री शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने पंजाब नैशनल बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 सपठित, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ऋणियों **श्री अमित कश्यप पुत्र श्री मोती लाल कश्यप एवं सह-ऋणी श्रीमती पूनम कश्यप पत्नी श्री अमित कश्यप** पर मांग सूचना **दिनांक 19.06.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 31.05.2024 को बकाया राशि रू. 28,01,818.19 (रूपये अठाईस लाख एक हजार आठ सौ अठारह एवं पैसे उन्नीस मात्र) प्लस दिनांक 01.06.2024 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 02, माह सितम्बर, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
कर्जदारों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 31.05.2024 को बकाया राशि रू. 28,01,818.19 (रूपये अठाईस लाख एक हजार आठ सौ अठारह एवं पैसे उन्नीस मात्र) प्लस दिनांक 01.06.2024 से ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय- सेक्टर 4, हिरण मगरी, उदयपुर, राजस्थान** के प्रभार के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री अमित कश्यप पुत्र श्री मोती लाल कश्यप के नाम आवासीय सम्पत्ति एक मंजिला मकान नं. 4-घ-13, हिरण मगरी, सेक्टर 4, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 44.43 वर्ग मीटर है। सीमाएं- उत्तर: अन्य हाउसिंग बोर्ड मकान, दक्षिण: रोड़, पूर्व: मकान नं. 4-घ-17, पश्चिम: मकान नं. 4-घ-12

स्थान: उदयपुर
दिनांक: 02.09.2024

हस्ता.
(शैलेन्द्र कुमार वर्मा)
प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक



Office of Panchayat Samiti Dhamotar Pratapgarh (Raj.)

Sr.No. : PSDh/Tender/2024-25/47-48 Date : 05.09.2024

Notice Inviting Bid (NIB)

Online eProcuement e Bids are invited fron interested bidders upto 01:00 PM of 14.09.2024 for Hiring of security guard at PS/GP Level & drinking water works. Other Details & TC may be seen in bidding document at SPPP portal (https://sppp.rajasthan.gov.in).

UBN 1. ZPG2425WSOB0391 2. ZPG2425A004

Block Development Officer
Panchayat Samiti Dhamotar (Raj)



GEETANJALI INSTITUTE OF TECHNICAL STUDIES
(Affiliated to Rajasthan Technical University, Kota & Approved by AICTE, New Delhi)
NAAC ACCREDITED "A" GRADE INSTITUTE | NBA ACCREDITED ENGINEERING & MANAGEMENT PROGRAMS
तमसो मा ज्योतिर्गमय GITS Darkness to Light
ICS ISO 9001:2015 Reg. No.: RQ91/7961

DIRECT ADMISSIONS OPEN

1st CENTER OF EXCELLENCE APPROVED BY RTU, KOTA IN AR-VR & INDUSTRIAL AUTOMATION
CENTER OF EXCELLENCE IN SUSTAINABLE CONSTRUCTION MATERIALS BY ULTRATECH CEMENT LTD.

B.Tech.
• CSE • CSE (Artificial Intelligence)
• CE • ECE • EE • ME
LAST DATE FOR ADMISSION: 14th SEPTEMBER, 2024
LATERAL ENTRY (D to D) LAST DATE FOR ADMISSION: 15th SEPTEMBER, 2024

ADMISSION OPEN FOR 2024-25
MBA MASTER OF BUSINESS ADMINISTRATION (IT, HR, FINANCE, MARKETING, P&O)
MCA MASTER OF COMPUTER APPLICATIONS

ALL INDIA WINNERS OF
AGRI INDIA HACKATHON 2020 | SIH 2020 | SIH 2022 | KAVACH 2023 | ISTART IDEATHON 2023

Campus: GITS, Airport Road, Dabok, Udaipur-313022 (Raj.) 9116039801 | 9116039802 | 9116039803
admission@gits.ac.in www.gits.ac.in



कार्यालय ग्राम पंचायत चंदा जी का गुडा, पंचायत समिति लसाड़िया, जिला-सलुम्बर (राज.)

क्रमांक:-8 दिनांक-6.9.2024

-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-

ग्राम पंचायत चंदा जी का गुड़ा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 16.09.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. 1. ZUD2425GLRC00640

सरपंच
ग्राम पंचायत चंदा जी का गुड़ा
पंचायत समिति लसाड़िया
जिला- सलुम्बर (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चंदा जी का गुड़ा
पंचायत समिति लसाड़िया
जिला- सलुम्बर (राज.)



कार्यालय ग्राम पंचायत पसुन्द पंचायत समिति राजसमंद

क्रमांक: ग्रा.प.प./2024-25/214 दिनांक 07/09/2024

:- ई-निविदा सूचना :-

ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों हेतु ई निविदा क्रमांक 214/07-09-2024 के अनुसार ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना का विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB NO- ZRR2425A0213,
UBN NO- ZRR2425GLOB00394

सरपंच
ग्राम पंचायत पसुन्द
पं. स. व जिला-राजसमन्द (राज.)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पसुन्द
पं. स. व जिला-राजसमन्द (राज.)



GEETANJALI INSTITUTE OF TECHNICAL STUDIES
(Affiliated to Rajasthan Technical University, Kota & Approved by AICTE, New Delhi)
NAAC ACCREDITED "A" GRADE INSTITUTE | NBA ACCREDITED ENGINEERING & MANAGEMENT PROGRAMS
तमसो मा ज्योतिर्गमय GITS Darkness to Light
ICS ISO 9001:2015 Reg. No.: RQ91/7961

DIRECT ADMISSIONS OPEN

1st CENTER OF EXCELLENCE APPROVED BY RTU, KOTA IN AR-VR & INDUSTRIAL AUTOMATION
CENTER OF EXCELLENCE IN SUSTAINABLE CONSTRUCTION MATERIALS BY ULTRATECH CEMENT LTD.

B.Tech.
• CSE • CSE (Artificial Intelligence)
• CE • ECE • EE • ME
LAST DATE FOR ADMISSION: 14th SEPTEMBER, 2024
LATERAL ENTRY (D to D) LAST DATE FOR ADMISSION: 15th SEPTEMBER, 2024

ADMISSION OPEN FOR 2024-25
MBA MASTER OF BUSINESS ADMINISTRATION (IT, HR, FINANCE, MARKETING, P&O)
MCA MASTER OF COMPUTER APPLICATIONS

ALL INDIA WINNERS OF
AGRI INDIA HACKATHON 2020 | SIH 2020 | SIH 2022 | KAVACH 2023 | ISTART IDEATHON 2023

Campus: GITS, Airport Road, Dabok, Udaipur-313022 (Raj.) 9116039801 | 9116039802 | 9116039803
admission@gits.ac.in www.gits.ac.in



GRAM PANCHAYAT OFFICE KANPUR
PANCHAYAT SAMITI GIRWA (UDAIPUR)

LETTER NO:2024-25/59 DATE:06-09-2024

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Goods.Details about Tender specification, cost, EMD, tender inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eprocure.gov.in

UBN NO.- ZUD2425GLRCOO608

SARPANCH
Gram Panchayat KANPUR
P.S.GIRWA



कार्यालय पंचायत समिति धमोत्तर, जिला-प्रतापगढ़ (राज.)

क्रमांक:पं.स.धमो/लेखा/निविदा/2024-25/44-46 दिनांक-5.9.2024

खुली बोली सूचना संख्या (NIB)

पंचायत समिति धमोत्तर के अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में मनरेगा व ग्रामीण विकास/ पं.राज की योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए वि. वर्ष 2024-25 के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति एवं उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु खुली प्रतियोगी बोलियां आमंत्रित की जा रही है। निविदा की तिथियां, समय, अन्य शर्ते एवं निविदा फॉर्म www.sppp.rajasthan. gov.in एवं ई-टेण्डर हेतु www.eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

UBN No. ZPG2425WSOB00366-89

विकास अधिकारी
पंचायत समिति धमोत्तर



कार्यालय पंचायत समिति भीण्डर, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-पंसभी./ई-निविदा/2024-25/69 दिनांक:-06.09.2024

ई-निविदा सूचना संख्या:-02/2024-25

पंचायत समिति भीण्डर की अधीनस्थ ग्राम पंचायत खेरोदा के रामाखेड़ा में पानी की टंकी मय पाईप लाईन कार्य के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा का विस्तृत विवरण एवं निविदा जमा कराने की दिनांक आदि के बारे में जानकारी spp.rajsthan.gov.in एवं eproc.rajsthan.gov.in पर उपलब्ध है।

UBNI No- ZUD2425WSOB00647

(हरिसिंह सोनिगरा)
प्रधान
पंचायत समिति भीण्डर

(गुलाब सिंह गुर्जर RRDS)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति भीण्डर

# अवैध रूप से चल रही मांसाहार की दुकानों को हटाने की मांग

**मंडफिया, (निसं)।** भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के आगामी त्रिदिवसीय जलझूलनी एकादशी मेले की तैयारियों को लेकर मंदिर प्रशासन ने मंडफिया के ग्राम वासियों को बैठक में आमंत्रित कर सुझाव मांगे। बैठक में ग्राम वासियों ने मंडफिया कस्बे में अवैध रूप से चल रही मांसाहार की दुकानों को स्थाई तौर पर हटाने की मांग की और आबादी के बीच में चल रही शराब की दुकानों को गांव से दूर लगाने की मांग की।

■ **ग्रामीणों ने बाईपास सड़क में हो रहे गढ़ों को भरने व जहां भगवान स्नान करते है उस सरोवर नदी की साफ सफाई व मरम्मत करने की रखी मांग**


मंदिर बोर्ड अध्यक्ष गुर्जर ने बैठक को संबोधित किया।

ग्राम वासियों ने मंदिर प्रशासन से शोभायात्रा एवं रथ यात्रा में दर्शन व्यवस्था एवं विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों में होने वाली अड़चनें को दूर कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नियमानुसार पास जारी करने की मांग रखी। बैठक में ग्राम वासियों ने बाईपास सड़े में हो रहे गढ़ों को भरने एवं जहां भगवान स्नान करते है उस सरोवर नदी की साफ सफाई एवं मरम्मत करने एवं वाहनों की पार्किंग आदि व्यवस्थाओं के बारे में सुझाव दिए।

बैठक में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी राकेश कुमार, भदेसर उपखंड अधिकारी विजयेश कुमार पांडेय, मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल सोनी, अशोक कुमार शर्मा, ममतेश शर्मा, भादसोड़ा सरपंच एवं मंदिर बोर्ड सदस्य शंभू लाल सुथार, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, मंदिर कर्मचारी दीपक तिवारी, नवीन तिवारी, ग्राम वासियो में मंडफिया के पूर्व सरपंच हजारी दास वैष्णव, सांवलिया जी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कालूराम गुर्जर, मंदिर बोर्ड के पूर्व सदस्य भैरूलाल सोनी, विरिष्ठ नागरिक मंच के संयोजक गोकुल लाल बागोरिया, मंडफिया पूर्व उप सरपंच आजाद हुसैन, बाबूलाल तिवारी, लक्ष्मी लाल नोशालिया, पंडित कन्हैयालाल नोसालिया, कन्हैयालाल गर्ग, भेरुलाल गुर्जर, मनोहर लाल गदिया, रोडूलाल टेलर, तिलकराज जैन, प्रकाश तिवारी, रमेश गोयल, सुनील मंडोवरा सहित कई उपस्थित रहे।

## धरना सातवें भी दिन जारी

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर 1 सितम्बर से चल रहा ठपजप संगठन का धरना शनिवार को सातवें दिन भी जिला कलेक्ट्री शहीद स्मारक पर जारी रहा।

शनिवार को देवगढ तहसील के कार्यकर्ता, जमाकर्ताओं ने धरना स्थल पर अपनी उपस्थिति दी तथा आपस में विचार-विमर्श किया गया। बहुत से वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस दौरान आन्दोलन को सफल बनाने के लिए समस्त कंपनियों, सोसायटी में जमाकर्ताओं को धरना स्थल पर उपस्थित हो कर अनिश्चित कालीन असहयोगात्मक आंदोलन को गति देने के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करने का निर्णय लिया।

शनिवार को धरना स्थल पर जिलाध्यक्ष रतनलाल पुर्बिया, महामंत्री महेश श्रीमाली, प्रवक्ता रूपाराम सालवी, संयोजक मोहनलाल कुमावत, कोषाध्यक्ष शिवलाल रेगर, देवगढ ब्लॉक अध्यक्ष ओंकारसिंह, नाहरसिंह, खुमानसिंह, माधुसिंह सहित जमाकर्ता उपस्थित थे। रविवार को आंदोलन की निरंतरता में भीम तहसील के जमाकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## बैनर का अनावरण

**राजसमंद, (निसं)।** पर्यूषण साधना के सप्तम दिवस ध्यान दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान सिरयारी में लग रहे प्रेक्षाध्यान शिविर के बैनर का अनावरण साध्वी लब्धियशा एवं सहवर्ती साध्वियों के सानिध्य में किया गया। जिसमें सभा अध्यक्ष हर्षलाल नवलखा, मंत्री सागर कावडिया एवं प्रेक्षा वाहिनी की कॉर्डिनेटर डॉ सीमा कावडिया एवं प्रेक्षावाहिनी के सभी सदस्यों ने बैनर का अनावरण किया।

## जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आज से

**राजसमंद, (निसं)।** 33वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय उप्रावि विद्यालय छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता खो-खो व तीरंदाजी 13वीं केंद्र राउप्रावि बोरडा, फरारा, ब्लॉक राजसमंद में रविवार से 11 सितंबर 2०24 तक आयोजित होगी। शनिवार को सांय 4 बजे ड्रोज डाली गई जिसका रविवार को विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा। इसके बाद खेल स्पर्धा में प्रारंभ होगी, जिसमें खो-खो, तीरंदाजी प्रतियोगिता स्थानीय विद्यालय में संपन्न होगी। तैराकी की प्रतियोगिता मेवाड क्लब में आयोजित होगी। ये प्रतियोगिता शारीरिक शिक्षक कन्हैयालाल करोतिया, महेश श्रीमाली, सुरेश रोड, अशोक खटीक, नरेश प्रजापत, मांगीलाल प्रजापत, रोशनलाल जाट, मीणा गोचर, मनोज खींची, प्रमोद कुमार के सानिध्य में होगी। खेल प्रभारी रघुनाथ प्रसाद खींची एवं केंद्र अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया है कि सभी छात्र-छात्राओं के ठहरने एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके लिए विनोद आचार्य, हनुमान दास, रमेश बुनकर, नीरज पाठक, देवेंद्र सेन, सतीश आचार्य, प्रदीप गोरवा, मनीराम आदि शिक्षक व्यवस्थाओं में जुटे हैं।

# पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में हुआ गणपति पूजन

**बांसवाड़ा, (निसं)।** भगवान गणेश को विज्ञान और विघ्नहर्ता माना जाता है लेकिन शहर के श्री सिद्धि विनायक गणपति मंदिर के दृश्य ने लोगों की आस्थाओं को आघात पहुंचाया। एक तरफ भागवत समिति तो दूसरी तरफ श्री सिद्धि विनायक गणपति सेवा संस्थान के सदस्यों के विवाद को प्रशासन सुलझा नहीं पाया। इसीलिये विवाद के चलते सुबह से ही मंदिर परिसर से बाहर बडी संख्या में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया।


डॉ. नीरज के. पवन को पूजा के बाद प्रसाद सौंपते पुजारी कालूदास।

हालांकि यह मंदिर देवस्थान विभाग का है लेकिन अलग-अलग लोग समय-समय पर अलग-अलग दावे करते नजर आये हैं। दोनों संगठनों का विवाद प्रशासन के पास पहुंचा था इसके बाद प्रशासन ने श्रीमद् भागवत समिति को शर्तो के साथ गणेश चतुर्थी कार्यक्रम करने की स्वीकृति दी। इससे यह भी सवाल खडा होता है कि आखिर देवस्थान विभाग के पास क्या प्रथम पूज्य के आयोजन को लेकर कोई बजट नहीं है। इन विवादों में यदि प्रशासन सख्त नीति अपनाते हुए विभाग को ही कार्यक्रमों का जिम्मा देता तो मूंछ की लडाई खत्म हो जाती लेकिन देवस्थलों पर भी राजनीति हावी नजर आयी। जिसकों लेकर शहर में तरह-तरह की चर्चाएं है। ध्यान रहे कि लाखों रुपये व्यय कर मंदिर बनवाया गया था। भव्य मंदिर बनने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या भी बढी है ऐसे में निश्चित रुप से चढावा भी अच्छा खासा आता होगा। इधर कुछ लोगों का दावा है कि चढावे के लिये भागवत समिति की पेटियां रखी जाती है और देवस्थान विभाग इन पेटियों में आये चढावे के बारे में कोई जानकारी नहीं लेता है। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए राष्टकृ की खुशहाली की कामना की। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत समिति के पदाधिकारियों ने किया। पं. विनय भट्ट के आचार्यत्व में महापूजा भी हुई।

## सार-समाचार

### पार्श्वनाथ का वरघोड़ा निकाला

**कपासन, (निसं)।** कपासन में जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ की ओर से संवत्सरी पर्व के अवसर पर शनिवार को गाजे बाजे के साथ वरघोड़ा निकाला गया। इस अवसर पर स्थानीय मूर्तिपूजक जैन संघ की ओर से धार्मिक कार्यक्रमों के साथ वरघोड़ा निकाला गया। कपासन नगर के चिंतामणि पार्श्वनाथ मंदिर से दोपहर बाद गाजे बाजे के साथ वरघोडा की शुरुआत हुई। जिसमें मूर्तिपूजक जैन समाज के बडी संख्या में महिला पुरुष बच्चे सज धज के शामिल हुए। श्रद्धालु भगवान श्री पार्श्वनाथ के बैवाण पर चंवर डुलाते हुए जयकारा लगाते हुए चल रहे थे।वरघोड़ा सुनारा मंदिर चौक, दानी चबूतरा, पीपली बाजार, गणेश चौक, कुम्हार मोहल्ला, बस स्टैंड, पांच बत्ती चौराहा, खारी बावड़ी बालाजी सहित मुख्य मार्गों से होता हुआ वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। जहां भगवान श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ की महाआरती की गई। इस अवसर पर शांतिलाल सेठ, दिनेश, श्रीपाल सेठ, भगवानलाल बाफना, रामलाल सेठ, रोशनलाल सेठ, पारसमल सेठ, अशोक सेठ, प्रकाश सेठ, बाबूलाल, मनोहर सेठ, ओमप्रकाश महात्मा, लकी सेठ, रिखब लाल, आशीष जैन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### महिला स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**कपासन, (निसं)।** शहर के प्रगति कॉलेज डूंगरपुर में शनिवार को स्मार्ट केयर हॉस्पीटल की संचालिका उर्मिला अहारी के सानिध्य में महिला स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन रखा गया। शिविर के दौरान कॉलेज की अध्ययनरत बालिकाओं को प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रूपांशी अहारी ने बालिकाओ को किशोरावस्था में होने वाले बदलाव एवं महावारी संबंधित जानकारी से अवगत कराया। साथ ही सफेद पानी की समस्या, खून की कमी (ऐनिमिया रोग) के लक्षण तथा सरवाईकल केंसर के बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन की जानकारी तथा संतुलित आहार के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों के उपयोग पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्मार्ट केसर हॉस्पीटल के संचालिका श्रीमती उर्मिला अहारी ने भी बालिकाओं को चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत कराया तथा अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार पर बल दिया। शिविर के दौरान राकेश अहारी, डॉ. चन्द्रीका डामोर, डॉ. तन्वी का पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर कॉलेज के निर्देशक प्रशांत चौबीसा, प्राचार्या डॉ. प्रीति चौबीसा, कार्तिक पंचाल, नेहा जायसवाल, जुही पण्डया, आयुषी चौबीसा, आदि ने स्वास्थ्य परीक्षण की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अन्त में प्रबंधक मोईन मलिक ने आभार जताया।

### फसल गिरदावरी कराने की मांग

**भीम, (निसं)।** अरावली पर्वतमाला के भीम देवगढ़ क्षेत्र में अत्यधिक बारिश के कारण फसलें बर्बाद हो चुकी है वह औषधीय गुणों वाली फसल सफेद मूसली की खेती करने वाले किसानों को फसल में खराबा होने से निराशा है। गांव काछबली में सफेद मूसली की खेती करने वाले दर्जनों किसान है पटवारी गिरदावरी करे। जैविक सफेद मूसली उत्पादक हजारीसिह, हरी सिंह, भवरसिंह, देवीसिंह चुनसिह, पूर्णसिंह, शांतिलाल लोहार, मोहनसिंह अर्जुनसिंह, मोहनसिंह सोलीखेडा, रुपीदेवी, गंगा देवी मुन्ना देवी ,प्यारी देवी नया घर मनोहर लाल मेंडिया आदि ने बताया कि अत्यधिक बारिश से फसल को नुकसान हुआ है वहीं काछबली पिपली लखागुड़ा बगड़ मंडावर ठीकरवास बरार कुशलपुरा कुकरखेडा भीम थानेटा सरेलीघाटी मियालाखेत अजीतगढ़ लसाडिया कुकड़ा डँसरीय दूंगाजी का गांव आदि क्षेत्रों में मक्का मूंगफली उड़द तिलन आदि की फासले चौपट हो गई है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।** बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान डूंगरपुर की ओर से राजिविका द्वारा प्रायोजित 6 दिवसीय वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को वित्तीय साक्षरता संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का समापन शनिवार को किया। जिसमे मुख्य अतिथि राजीविका डीपीएम मोतीलाल मीणा, सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक सत्येन्द्र कुमार एवं बीओबी डूंगरपुर शाखा से संतोष कुमार उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक मनोज सुथार ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने की बधाई दी एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना की तथा बताया कि आगामी दिनों में संस्थान में टू वीलर मैकेनिक व सीसीटीवी इंस्टोलेशन कार्यक्रम शीघ्र आरम्भ होने वाले है। इच्छुक आवेदनकर्ता संस्थान पर आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन कर सकते है।

### दस दिवसीय पर्युषण राज पर्व आज से

**डूंगरपुर, (निसं)।** दिगम्बर जैन समाज के दस दिवसीय पर्युषण राज पर्व रविवार से धूमधाम के साथ प्रारंभ होंगे। जानकारी देते हुए मुनिसुव्रतनाथ जिनालय के प्रवक्ता ने बताया कि दस दिवसीय पर्युषण महापर्व के तहत मंदिर जिनालय में प्रात: 6.45 से मंगलाष्टक, प्रथम अभिषेक मूलनायक भगवान पर शांतिधारा पश्चात, नित्य नियम पूजन, तत्वार्थसूत्र वाचन, कार्यक्रम सम्पादित होंगे। दोपहर में शास्त्र चर्चा एवं सायंकाल मंदिर परिसर में 7 बजे से 48 दीपकों से भक्तामर पाठ इसके पश्चात महाआरती, शास्त्रस्वाध्याय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वही घाटी स्थित नेमिनाथ मल्लिनाथ युगल मंदिर, फौज का बडला स्थित ऊंडा मंदिर, घुमटा बाजार स्थित कोटडिया मंदिर, महावीर नगर स्थित महावीर जैन चेत्यालय, मुनिसुव्रतनाथ मंदिर, प्रगतिनगर स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर तथा शिवाजी नगर स्थित आदिनाथ मंदिर में दस लक्षणीय महापर्व के तहत विभिन्न धार्मिक क्रियाएं होगी।

### सचिन पायलट का जन्मदिन मनाया

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलेट का जन्मदिन शनिवार को नवल श्याम कृष्ण गौशाला में गौ सेवा कर मनाया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष एनएसयूआई विकास सोनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस दिलीप जोशी, जिलाध्यक्ष यूथ कांग्रेस मुकेश नायक, सोशल मीडिया अध्यक्षा अब्दुल रहमान, मुकेश सालवी, पीयूष साहु, सिद्धार्थ परिहार एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-समाचार

### ज्वेलर्स की दुकान को बनाया निशाना



**कपासन, (निसं)।** कपासन नगर में शनिवार सुबह एक ज्वेलर्स की दुकान से लगभग 25 तोला सोने के जेवरात से भरा बैग चोरी हो गया। यह घटना दुकान खोलने के कुछ ही देर बाद घटी, जिससे कस्बे में हड़कंप मच गई। कपासन मेन पीपली बाजार में स्थानीय निवासी सागर पुत्र पुखराज सोनी अपनी दुकान पर सुबह लगभग 10 बजे पहुंचे और एक सफेद केनवास बैग में सोने के जेवरात रखकर काउंटर के पीछे रख दिया। उन्होंने दुकान की साफ-सफाई की और पानी लेने के लिए बाहर चले गए। जब वे वापस आए, तो देखा कि बैग गायब था। उन्होंने दुकान और आस-पास के क्षेत्रों में बैग की खोज की, लेकिन वह नहीं मिला। आपको बता दें कि पिपली बाजारस्थित सागर सोनी दुकान पर स्वर्ण आभूषण भरा बैग रखकर, पास कपासन नगर में एक ज्वेलर्स की दुकान से लगभग 25 तोला सोने के जेवरात से भरा बैग बदमाश चोरी कर फरार हो गए ।यह घटना की पुलिस थाना सीआई रतन सिंह जानकारी ले रहे हैं।

### बंदी को मिला न्याय

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजसमंद के अधीन संचालित लीगल ऐड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम में नियुक्त नि:शुल्क विधिक सहायता अधिवक्ता ने पैरवी कर पॉक्सों एक्ट में विचाराधीन बंदी को दोषमुक्त करवाया। प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने बताया कि राजसमंद पॉक्सों न्यायालय के विचाराधीन बंदी जो निर्धन होने के कारण अधिवक्ता नियुक्त करने में असमर्थ था को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित लीगल ऐड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम के जरिये नि:शुल्क विधिक सहायता अधिवक्ता की सेवाएं उपलब्ध करवाई गई। इस प्रकरण में 27 मार्च 2०21 को पुलिस थाना कांकरोली में अंतर्गत धारा 376(2)(द) 376(3), भादस 5,6 पॉक्सों एक्ट में आरोपी के विरूद्ध पॉक्सों न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। जिसमें अभियोजन पक्ष की ओर से 31 गवाह परीक्षित करवाये गये तथा बचाव पक्ष की ओर से भी गवाह पेश किये गये। जिसमें माननीय न्यायालय के द्वारा दोनों पक्षकारों की बहस सुनने के बाद आरोपी को संदेह का लाभ देकर दोषमुक्त घोषित किया गया। इस प्रकार नि:शुल्क विधिक सहायता अधिवक्ता नारायण लाल तेली व ऋतु शर्मा ने प्रतिरक्षा अधिवक्ता के रूप में प्रकरण में पैरवी कर बंदी को न्याय दिलाने मे सहयोग किया। ध्यातव्य है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला, बच्चे, दिव्यांगजन, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, आपदा पीडितों, 3 लाख रूपये से कम वार्षिक आय वाले व्यक्तियों, बेगार से पीडित व्यक्ति, न्यायिक अभिरक्षा में निरूद्ध व्यक्ति, औद्योगिक कर्मकार, अनैतिक व्यापार से पीडित व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है।

### तेजा मेला आज

**भीम, (निसं)।** प्रतिवर्ष की भाती इस वर्ष भी भादवी पाँचम पर वीर तेजा मेला भीम के पाटिया ग्राउंड में 8 सितंबर को भरा जाएगा । शनिवार शाम को मुख्यअतिथि अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष यशोदा कवर एवं नगर पालिका पार्षद के सानिध्य मैं उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। मेले को लेकर नगर पालिका द्वारा संपूर्ण तैयारी की। मेला ठाउंड में जेब कतरों से बचाव हेतु आम जनता के लिए सीसी कैमरे लगाए गए हैं साथ ही भारी वाहन डीजे एवं अन्य चार पहिया वाहनों को मेला ठाउंड से 2 किलोमीटर दूर ही खड़ा रहना होगा 7 सितंबर को मेला ठाउंड स्थित तेजा मंदिर पर रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी । प्रतिवर्ष की बात इस वर्ष भी मंगरा क्षेत्र का विशाल मेला होने के कारण गुजरात महाराष्ट्र मध्य प्रदेश दिल्ली एवं अन्य राज्य से यहां के गए हुए प्रवासी प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले में सैकडो की तादाद में शिरकत करेंगे एवं परंपरा अनुसार तेजा मंदिर पर विशाल ध्वज चढ़ाने पहुंचे । इस दौरान पार्षद डालचंद सेन विराम सालवी मोहित नारायण सिंह गणपत सिंह निर्मला सिंह किशोर कुमार भाट महेंद्र प्रजापत तारा देवी अनीता चौहान लता सिंघानिया सोहन सिंह जी रघुवीर सिंह दुर्गेश मेवाड़ा नरेंद्र बडोला लक्ष्मी देवी हेमलता चौहान प्रकाश सिंह किशन सिंह रमेश सिंह आदि मौजूद थे।

### स्नातकोत्तर पूवार्द्ध में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजकीय कन्या महाद्यिालय में स्नातकोत्तर पूवार्द्ध में प्रवेश प्रक्रिया 11 सितम्बर तक चलेगी। इच्छुक छात्राएं ऑनलाईन आवेदन भर सकती है। प्राचार्य डॉ. सरला पंड्या ने बताया कि गृह विज्ञान एवं रसायन विज्ञान में पीजी के लिये महाविद्यालय में प्रवेश लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छात्राएं सभी आवश्यक दस्तावेज प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की अंकतालिका, जाति प्रमाण पत्र, बैंक डायरी आदि आवेदन पत्र के साथ आवश्यक रूप से अपलोड करें। उन्होंने बताया कि ओबीसी वर्ग की छात्राएं अपना जाति प्रमाण पत्र नवीनतम अपलोड करें क्योंकि नवीनतम जाति प्रमाण पत्र होने से ही वर्ग का लाभ दिया जायेगा।

# डूंगरपुर में क्षमा याचना पर्व के साथ पर्युषण महापर्व सम्पन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।** मनुष्य भव में आने के पश्चात यदि हमारे मन में दया व क्षमा का भाव आ जाता है तो हमारा जीवन जो कि चौरासी लाख योनियो में से सर्वश्रेष्ठ योनी में होता है उसकी सार्थकता पूर्ण हो जाती है।

यह बात नेमिनाथ मंदिर के पुण्य प्रवचन हॉल में मुनि पवित्र रत्नसागर जी ने बारसा सूत्र के वाचन के दौरान संवत्सरी और उसमे क्षमा याचना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहे। उन्होने कहा कि यदि हमने क्रोध, मोह,माया पर काबू पा लिया तो हमारे जीवन में आने वाली सभी समस्याओं का स्वत: ही निस्तारण हो जाता है। क्योंकि यही सभी विकृति के कारण है और इसी के कारण मनुष्य धर्म के मार्ग से विमुख होकर पथभ्रष्ट हो जाता है ओर यही उसके दु:खों का मुख्य कारण है। तीर्थकरों ने क्षमा को जीव मात्र के लिए करने का आव्हान किया है, तभी सृष्टि में चहूंओर सुख शांति व समृद्धि का भाव जाग्रत होगा।

■ **क्षमा से बढ़ा कोई पुण्य नहीं : मुनिश्री पवित्र रत्नसागर**


डूंगरपुर में जैन श्वेताम्बर संघ के पर्युषण महापर्व के समाप्ति के तहत माणक चौक स्थित आदिनाथ मंदिर में पूजा करते।

जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के आठ दिवसीय पर्युषण महापर्व शनिवार को क्षमा याचना पर्व के साथ ही सम्पन्न हो गये। पर्युषण महापर्व के आज अन्तिम दिन संवत्सरी के रूप में मनाया गया जिसके तहत वर्ष पर्यन्त जाने अनजाने में हुई भूलों के लिए एक दूसरे से क्षमा मांगी गई। इधर पर्युषण महापर्व की समाप्ति पर रविवार को घाटी स्थित गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर से भगवान की पालकी निकाली जायेगी।

आज प्रात: शहर के घाटी स्थित गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर, महावीर स्वामी मंदिर, फौज का बडला स्थित शांतिनाथ मंदिर, माणक चौक स्थित आदिनाथ मंदिर, पुराना बस स्टेण्ड स्थित नैमिनाथ मंदिर, न्यू कॉलोनी स्थित संभवनाथ मंदिर में आज भगवान का जल व दूध से पक्षाल किया गया । इसके पश्चात केसर पूजा की गई। तथा सामुहिक रूप से चैत्यवंदन व स्नात्र पूजा का आयोजन भी किया गया। इसके पश्चात शाम को उपाश्रय में प्रतिक्रमण, का आयोजन किया गया। जिसमे अतिचार के माध्यम से जीव मात्र के प्रति हुई भूल के लिए क्षमा मांगी गई। इधर रात्रि को भक्ति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व सेवा पूजा के बाद श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड संघ एवं वीशा हुम्मड संघ द्वारा अट्ठम तप के तपस्वीयों की चैत्य परिपाटी निकाली गई जो कि माणक चौक स्थित आदिनाथ जिनालय से प्रारंभ होकर घाटी स्थित गभीरा पार्श्वनाथ मंदिर, मामा भानजा मंदिर, फौज का बडा स्थित शांतिनाथ मंदिर, ऊंडा मंदिर तथा माणक चौक स्थित आदिनाथ मंदिर में दर्शनाथ गये। वही धार्मिक गीत गाते हुए चैत्य परिपाटी में चल रहे। इससे पूर्व शुक्रवार की रात्रि को जैन सोसायटी स्थित संभवनाथ उपाश्रय एवं ओटा स्थित नेमिनाथम मंदिर के पुण्य प्रचवन हॉल में मुनि पवित्र रत्नसागर के सानिध्य में तप वंदन आयोजित किया गया जिसमे सकल जैन समाज के धर्म प्रेमियों ने पहुंच कर तपस्वी की कुशलक्षेम पूछी साथ ही इस दौरान भक्ति संध्या का आयोजन भी किया गया। जिसमे प्रभु गीतों पर धर्म प्रेमियो ने आनंद लिया।

## पर्युषण महापर्व ध्यान दिवस के रूप में मनाया

**भीम, (निसं)।** भीम शहर के तेरापंथ सभा भवन में चातुर्मास प्रवास के दौरान विराजित युग प्रधान आचार्य श्रीमहाश्रमण की सुशिष्या साध्वी अर्हतप्रभा, साध्वी संवरयशा,साध्वी ऋद्धि श्री के सानिध्य मैं पर्युषण महापर्व शनिवार को ध्यान दिवस के रूप में मनाया गया तेरापंथ संपादकीय मंत्री महेंद्र कोठारी ने बताया कि धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी अर्हतप्रभा कहा कि मेरा शब्द जहां आ जाता है वहां पर स्वार्थ पनप जाता है व्यक्ति को मेरा मेरा कभी नहीं कहना चाहिए जो कुछ भी है यह सभी का है परिवार में कुछ लोग यह मेरा है यह मेरा है कहते हैं व्यक्ति को यह भी मालूम नहीं है मेरा कहने वाले व्यक्ति का शरीर भी स्वयं का नहीं है व्यक्ति को हमेशा अपना ध्यान अपने लक्ष्य की और ही होना चाहिए शिक्षा एवं अन्य कोई भी कार्य हो उसमें व्यक्ति का ध्यान जिस किसी में लगा रखा है उसमें केंद्रित होना चाहिए व्यक्ति अगर धर्म की आराधना कर रहा है तो व्यक्ति का ध्यान केंद्रित रखकर धर्म के आराधना में होना चाहिए जिससे निश्चित जो हमें चाहिए वह हमें प्राप्त हो सकता है सिर्फ ध्यान केंद्रित होना चाहिए ध्यान केंद्रित रखकर जो व्यक्ति कार्य करता है वह जीवन में सफल होने से उससे कोई नहीं रोक सकता है किसी व्यक्ति का ध्यान चारों तरफ चलता है तो व्यक्ति सभी कार्यों से वंचित रह जाता है धर्म सभा को साध्वी संवरयशा, ने भी धर्म सभा को संबोधित किया रविवार को संवत्सरी महापर्व मनाया जाएगा।

# इको फ्रेंडली प्रतिमाएं बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया


गणपति स्थापना को लेकर गणपति की प्रतिमाओं को लाया गया।

**डूंगरपुर, (निसं)।** गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोषो के साथ शहर भर में शनिवार को गणपति की प्रतिमाओं के स्थापना के साथ ही दस दिवसीय गणपति उत्सव प्रारंभ हुए। इधर शहर के सभी गणेश मण्डलों द्वारा इस बार इको फ्रेण्डली तथा मिट्टी की प्रतिमाएं बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

■ **गणपति प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही दस दिवसीय गणपति उत्सव शुरू**

इस अवसर पर आज शुभ मुहुर्त में शहर के मुरलागणेश मंदिर,घाटी स्थित गणेश नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में फौज का बडला स्थित रिद्घि-सिद्घि मण्डल द्वारा, दर्जीवाडा में केशव नवयुवक मण्डल, सुरमों का चौक में गंभीरा गणपति,भोईवाडा स्थित निलकंठ नवयुवक मण्डल, सुथारवाडा स्थित गणपति नवयुवक मण्डल, धनेश्वर मंदिर में धनेश्वर मण्डल, लाभ गणपति मण्डल, न्यू कॉलोनी, विजयगंज कॉलोनी, हाउसींग बोर्ड में बुधवार को गणपति की प्रतिमाओं का जुलूस के रूप में लाया गया तथा वैदिक मंत्रोच्चारों के बीच स्थापना की गई। शहर के सभी गणपति स्थलों को आकर्षक रूप से सजाया गया है जहां पर शाम को दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर गणपति की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया। गणपति की स्थापना के साथ ही दसों दिन विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इधर मुरला गणेश मंदिर पर छप्पन भोगों का आयोजन किया तथा गणपति की प्रतिमा पर रजत आंगी चढाकर मनोहारी श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात महाआरती का आयोजन भी हुआ जिसमे बडी संख्या में श्रद्वालुओं ने भाग लिया। इधर लाभ गणपति मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। जहां पर भगवान की चितार्कषक श्रृंगार किया। इसीक्रम में श्री लाभ गणपति मंदिर में अध्यक्ष के सानिध्य में गणपति उत्सव 1० दिन तक बडे धूमधाम से मानने मंडल के आदि उपस्थित रहे।

